## खबर संक्षेप

### राजधानी में होगा पिछड़ा वर्ग का महाधिवेशन

रायपुर। पिछड़ा वर्ग के सभी समाजों की सक्रियता को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को अन्य विभाग और दिए गए ,हैं जिसमें पिछड़ा वर्ग प्रमुख है। श्री जायसवाल ने इसे अपना कर्तव्य मानते हुए समाज प्रमुखों को अपने निवास पर आमंत्रित कर चर्चा की और कहा, हमें अधिवेशन के लिए जहां भी जाना पड़े, जाएंगे और जिन्हें भी आमंत्रित करना पड़ेगा, करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर अगर समाज में पूर्ण रूप से जागृति आ गई तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को भी आमंत्रित किया जाएगा और अगर राज्य स्तर का कार्यक्रम रहा तो मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य मंत्रियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसी दौरान छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, मुख्य सलाहकार प्रो. घणाराम साहू, रोशन निर्मलकर, तेज तर्रार, भगवानू नायक, संतोष साहू, कलार समाज के पदाधिकारी के अलावा अन्य समाज के लोगों ने शामिल होकर अपने विचार रखे।

### जतिन छग चैंबर के संगठन मंत्री मनोनीत

रायपुर। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (सीसीसीआई) के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने जतिन नचरानी को संगठन में मंत्री पद पर मनोनीत किया है। साथ ही चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने श्री नचरानी के मंत्री बनने पर हर्ष व्यक्त किया। वहीं श्री नचरानी ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा, मैं संगठन की सेवा में समर्पित रहूंगा तथा स्थानीय व्यापारियों की आवाज को मजबूत करूंगा।

### संस्कृत विद्यामंडलम करेगा स्कूलों का औचक निरीक्षण

रायपुर। संस्कृत विद्यामंडल द्वारा प्रदेशभर के संस्कृत विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। गुणवत्ता सुधार के लिए ये प्रयोग हो रहे हैं। इसके अंतर्गत महासमुंद के ज्योति गुरुकुल आश्रम संस्कृत विद्यालय कोसरंगी की जांच अधिकारियों द्वारा की गई। संस्कृत विद्या मंडलम के सचिव जेके अग्रवाल एवं सहायक संचालक अमित शुक्ला ने यहां आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि सभी कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। अध्ययन-अध्यापन का स्तर भी संतोषजनक पाया गया। बेहतर परिणाम के लिए सुझाव दिए गए हैं।

# आवंटन के बाद आदेश के इंतजार में अटकी विशेषज्ञ अनुबंधित डॉक्टरों की ज्वाइनिंग

## 157 एमडी-एमएस चिकित्सकों की होनी है बांड पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

काउंसिलिंग प्रक्रिया का पालन कर अनुबंधित विशेषज्ञ डॉक्टरों की पोस्टिंग आर्डर के अभाव में अटक गई है। प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची बनाकर स्वास्थ्य सेवा संचालनालय द्वारा 157 डॉक्टरों को सीटों का आवंटन किया गया था। काउंसिलिंग प्रक्रिया पिछले महीने पूरी की गई थी।

पूर्व में अनुबंधित डॉक्टरों को पोस्टिंग विभागीय अधिकारियों द्वारा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर दी जाती थी। इस बार यूजी के बाद पीजी की पढ़ाई पूरी करने वाले डॉक्टरों की नियुक्ति भी काउंसिलिंग प्रक्रिया के तहत की गई थी। इसके लिए



चिकित्सा महाविद्यालयों के साथ जिला स्तर पर स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूदा पद को ध्यान में रखते हुए डॉक्टरों को मेरिट आधार पर पोस्टिंग दी गई। सूत्रों के अनुसार, आवंटन के बाद पीजी डॉक्टरों को 1 सितंबर से अपनी अनुबंध सेवा में तैनात हो जाना था, मगर मामला आर्डर पर अटक गया। विभाग द्वारा स्वास्थ्य केंद्र आवंटन के साथ उन्हें ज्वाइनिंग के लिए विभागीय आदेश भी प्रदान किया जाना है, जो अब तक उन्हें नहीं मिला है। दावा किया जा रहा है कि एनएचएम की हड़ताल के बीच पीजी बांडेड डॉक्टरों की ज्वाइनिंग नहीं होने से उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। काउंसिलिंग के दौरान पीजी डॉक्टरों की यह भी मांग रही है कि उनकी बांड नियुक्ति पूरी अवधि के दौरान प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्र के बजाय जिला अथवा चिकित्सा महाविद्यालयों में की जानी चाहिए। अभी बनाए गए विभागीय सिस्टम के अनुसार अनुबंध सेवा का आधी अवधि हेल्थ सेंटर और आधी डिस्ट्रिक अथवा मेडिकल कॉलेज के हास्पिटल में बितानी पड़ती है।

### संपत्ति गिरवी रखने का नियम शिथिल हो

उच्च शिक्षा के लिए अनुबंधित डॉक्टरों को एनओसी की खातिर 25 से 50 लाख रुपए की बैंक गारंटी का नियम विवादों का कारण बना हुआ है। इसे तार्किक रूप से सही नहीं मानते हुए नियम शिथिल करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ डॉक्टर फेडरेशन द्वारा स्वास्थ्य सचिव के ज्ञापन सौंपा गया है। अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी का कहना है कि इतनी बड़ी राशि की संपत्ति की व्यवस्था करना आम लोगों के लिए आसान नहीं है। इसकी वजह से कई छात्र उच्च शिक्षा का सपना पूरा नहीं कर पाते।

## चाकू की नोक पर रुपए ट्रांसफर कराए

# लिफ्ट लेकर कार लूटी, दो हजार ट्रांसफर कराए, एक बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

दुर्ग निवासी पेशे से ट्रांसपोर्टर को बंधक बनाकर चाकू की नोक पर कार तथा दो हजार लूटने के आरोप में पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस घटना में शामिल दो अन्य फरार बदमाशों की पतासाजी कर रही है। बदमाशों ने अपनी बाइक में पेट्रोल खत्म होने का झांसा देकर ट्रांसपोर्टर की कार में लिफ्ट लेकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। घटना चार दिन पूर्व कबीर नगर थाना क्षेत्र की है।

कुलदीप यादव की शिकायत पर पुलिस ने लूट के आरोप में पंडरी कापा निवासी ललित यादव उर्फ लल्ला को गिरफ्तार किया है। कुलदीप ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 4 सितंबर को दोपहर 12 बजे अपने ट्रांसपोर्ट के काम से कार लेकर हीरापुर आया था। काम समाप्त होने के बाद दोपहर ढाई बजे के करीब वापस दुर्ग लौट रहा था। इस दौरान ट्रांसपोर्टर ने रास्ते में अटारी के पास सिगरेट लेने एक पान दुकान के पास



कार खड़ी की। ट्रांसपोर्टर के अनुसार, वह सिगरेट पी रहा था। इस दौरान दोपहिया पर सवार दो युवक ट्रांसपोर्टर के पास पहुंचे और अपने पास मोबाइल नहीं होने की बात कहकर किसी से अर्जेंट कॉल करने मोबाइल मांगा। ट्रांसपोर्टर ने युवक को बात करने मोबाइल दे दिया। मोबाइल से बात करने के बाद ललित ने अपने दोपहिया में पेट्रोल खत्म होने का झांसा देकर लिफ्ट मांगी। ट्रांसपोर्टर ने ललित तथा उसके साथी को कार में लिफ्ट दे दी। रास्ते में ललित ने कार में अपने एक अन्य साथी को बैठा लिया। ललित तथा उसके साथियों ने कार में कुछ दूर आगे चलने के साथ चाकू की नोक पर ट्रांसपोर्टर को शराब पीने दो हजार रुपए देने के लिए कहा। कैश नहीं होने की बात कहने पर बदमाशों ने ट्रांसपोर्टर से यूपीआई के माध्यम से दो हजार रुपए ट्रांसफर कराए। इसके बाद एक युवक कार की स्टेयरिंग सीट पर बैठ गया और कार को मंदिर हसौद टोल प्लाजा ले गए। बदमाश कार को महासमुंद ले जाने लगे। इस दौरान रात करीब 9 बजे ट्रांसपोर्टर ने बाथरूम जाने के बहाने कार रुकवाया। बाथरूम जाने के बहाने ट्रांसपोर्टर बदमाशों को चकमा देकर भागा और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बदमाशों की पहचान मोबाइल से किए गए पेमेंट के आधार पर की।

# आप का संगठन विस्तार, उत्तम देवलाल प्रदेश महासचिव

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

आम आदमी पार्टी ने संगठन विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की हैं। पुराने पदाधिकार अपने पदों पर बने रहेंगे। इसके साथ नई कार्यकारिणी घोषित की गई है। उत्तम जायसवाल और देवलाल नरेटी को प्रदेश संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा, नई कार्यकारिणी घोषित होने पर प्रदेश में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल बना हुआ है। इससे पहले जो कार्यकर्ता पार्टी की जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे, वे अपने पदों पर बरकरार रहेंगे। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक तथा प्रदेश सह प्रभारी मुकेश अहलावत ने कार्यकर्ताओं नई जिम्मेदारी सौंपी है। जिन्हें नई जिम्मेदारियां प्रदान की गई हैं, उनमें अधिकतर वे नाम हैं जो लंबे समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं।

जारी सूची के अनुसार, जसबीर सिंग चावला प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, खड़क राज सिंह प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भानु प्रकाश चंद्रा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मेहर सिंह वट्टी प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष,अभिषेक मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष (प्रभारी कोरबा रायगढ़ जोन), सुखवंती सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष(प्रभारी प्रदेश पंचायत), रुसेन कुमार मिरी प्रदेश उपाध्यक्ष(प्रभारी एससी विंग)को प्रदेश की जिम्मेदारी दी गई है।

## कबीरपंथ के अनुयायी दर्शन लाभ लेने प्रकाशमुनि नाम साहेब के निवास पर जुटे

रायपुर। रविवार को भादो पूर्णिमा महोत्सव एवं वंश गुरु गद्दी स्थापना दिवस के अवसर पर धर्मनगर दामाखेड़ा के आचार्य प्रकाशमुनि नाम साहेब और उदित मुनि नाम साहेब के दर्शन लाभ प्राप्त करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में प्रकाश कुंज कटोरा तालाब में जुटे। तड़के 4 बजे से कतारबद्ध होकर लोगों ने दर्शन लाभ प्राप्त किया। प्रकाश पुंज स्थित कार्यक्रम स्थल पर सुबह 9 बजे गुरु महिमा पाठ के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके बाद उदितमुनि नाम साहेब गद्दी पर आसीन हुए, जहां उनकी आरती की गई। इस विशेष कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए और दर्शन लाभ प्राप्त किया। आयोजन समिति सद्गुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि सद्गुरु कबीर धर्मदास सेवा समिति रायपुर परिक्षेत्र, अमीन माता महिला मंडल, नवयुवक मंडल एवं समस्त कबीरपंथ समाज का विशेष सहयोग रहा।

# संपत्तिकर के अग्रिम भुगतान पर 30 तक मिलेगी 5 फीसदी की छूट

## बड़े बकायादारों को 31 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत डिमांड बिल वितरण का टार्गेट

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

शहर के करदाताओं को संपत्ति कर के अग्रिम भुगतान पर नगर निगम 5 फीसदी की छूट दे रहा है। यह छूट जुलाई से 30 सितंबर तक प्रॉपर्टी टैक्स के अग्रिम भुगतान पर दी जा रही है। जबकि इससे पूर्व माह अप्रैल से जून माह तक संपत्ति कर एडवांस वसूली को प्रोत्साहित करने नगर निगम के 70 वार्डों के करदाताओं को 6.25 फीसदी छूट का लाभ दिया गया। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने इस बार निगम के राजस्व विभाग को शहरभर से 450 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली का टार्गेट दे रखा है।

राजस्व विभाग के अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि इस बार प्रॉपर्टी टैक्स के डिमांड बिल वितरण का कार्य स्वच्छता



दीदी, स्वसहायता समूहों की महिलाओं को दिया गया है। साथ ही जोन कार्यालय के कर्मचारियों को भी इसमें लगाया गया है। नगर निगम के संपत्ति कर वसूली में तेजी लाने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया है, जिसमें विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे बड़े बकायादारों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई करें। वहीं हर सप्ताह राजस्व वसूली रिपोर्ट निगम मुख्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ शासन
NSEFI
RE-Imagining Sustainable India
CSPDCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
Knowledge Partner
SHAKTI SUSTAINABLE ENERGY FOUNDATION
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प



श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

सौर ऊर्जा जागरूकता अभियान एवं प्रोत्साहन समारोह

8 सितंबर, 2025

कार्यक्रम स्थल
पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार,
रायपुर



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

राज्य सब्सिडी प्रदान – पी•एम• सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना

पीएम-कुसुम योजना के लाभार्थियों का सम्मान

पी• एम• सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना - "सूर्य रथ जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ"

विशेषज्ञों द्वारा वित्तीय, तकनीकी व नीतिगत सत्र

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
मासिक बिजली बिल से भी कम ई.एम.आई. में लगाएं रूफ टॉप

| सोलर प्लांट क्षमता | केंद्र सरकार की सब्सिडी | राज्य सरकार की सब्सिडी | कुल सहायता राशि | आसान मासिक EMI |
|---|---|---|---|---|
| 1 kW | ₹30,000 | ₹15,000 | ₹45,000 | ₹170 |
| 2 kW | ₹60,000 | ₹30,000 | ₹90,000 | ₹341 |
| 3 kW | ₹78,000 | ₹30,000 | ₹1,08,000 | ₹818 |

बैंक द्वारा 6% ब्याज दर पर आसान किश्तों में 10 वर्षों के लिए ऋण सुविधा (ई.एम.आई.) उपलब्ध

आवेदन प्रक्रिया व अधिक जानकारी के लिए नीचे दिए लिंक पर जाएं
https://pmsuryaghar.gov.in/
QR कोड स्कैन करें

डबल सब्सिडी
केंद्र के साथ मिल रही राज्य की भी सब्सिडी



हमारा संकल्प
हाफ बिजली से मुफ्त बिजली



मोर बिजली CSPDCL
TOLL FREE 1912

सस्ती नहीं, मुफ्त बिजली की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़

